आकाशवाणी चंडीगढ़

हिन्दी प्रादेशिक समाचार

(तिथि 6 मार्च 2026, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा - कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ और दीर्घकालिक विकास यात्रा का महत्वपूर्ण स्तंभ है।

2. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा,केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है ।

3. हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा- "पीएम राहत योजना" के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलैस उपचार मिलेगा।

4. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा- पलवल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कोई कमी नहीं है।

5. हरियाणा वासियों ने गायक बादशाह द्वारा गाए गए हरियाणवी गीत में लड़कियों के लिए प्रयोग अशोभनीय शब्दों पर कड़ी आपत्ति दर्ज की।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और दीर्घकालिक विकास यात्रा का महत्वपूर्ण स्तंभ है। प्रधानमंत्री आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि और ग्रामीण बदलाव विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कृषि में बदलाव पर बल देते हुए कहा कि हमें देश में जलवायु विभिन्नता का लाभ उठाते हुए वैश्विक मांग के अनुरूप उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करना होगा। श्री मोदी ने कहा कि इस साल का बजट अनगिनत नए अवसर देने वाला बजट है। -

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से कई कदम उठाए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने रसायन मुक्त खेती और प्राकृतिक खेती को सुदृढ़ करने के साथ निर्यात पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। फसल विभिन्नता व दालों व तिलहन फसलों की खेती को लेकर श्री मोदी ने कहा-

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने तीन करोड़ लखपति दीदी तैयार करने का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है।

श्री मोदी ने कहा कि कृषि और गांवों में बदलाव से ग्रामीण सशक्त और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

---

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के बिना भारत काऔद्योगिक विकास असंभव है। ओडिशा में कटक के मुंडुली में सीआईएसएफ के 57वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह बलदेश भर में प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

*56 सालों में सीआईएसएफ की वीरता और विशिष्ट सेवा के लिए 13 हजार 700 पदक प्राप्त कर कर एक बले नाते अपनी दक्षताका परिचय दिया है। मैं सभी जवानों को बधाई देना चाहता हूं। मित्रों, आज यहां से 890 करोड़ की पांच योजनाओं का भूमि पूजनया लोकार्पण हुआ।*

--------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़क दुर्घटना में पीड़ित लोगों के लिए "पीएम राहत योजना" शुरू की है जिसके तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को डेढ़ लाख रुपए  तक नगदी विहीन उपचार मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री आज विधानसभा में एक सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रही थी। उन्होंने बताया कि जिला पलवल में ट्रामा केयर सुविधाओं वाले आयुष्मान भारत पैनल में कई बड़े निजी अस्पतालों को शामिल किया गया है।स्वास्थ्य मंत्री ने सदन के सदस्य द्वारा पलवल से बल्लभगढ़ के बीच ट्रॉमा सेंटर बनाने के संबंध में कहा कि पलवल का 200 बिस्तरीय जिला अस्पताल मात्र आधा किलोमीटर और फरीदाबाद का 200 बिस्तरीय बी.के अस्पताल मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर और  अमृता आयुर्विज्ञान संस्थान मात्र 5 किलोमीटर और 50 बिस्तर का  एसडीएच अस्पताल बल्लभगढ़ हाइवे के पास ही स्थित है।

--------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पलवल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कोई कमी नहीं है। 200 बेड के जिला अस्पताल और 50 बेड के उप मण्डल अस्पताल के माध्यम से नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान विधायक रघुबीर तेवतिया द्वारा पलवल और बल्लभगढ़ के बीच ट्रामा सेंटर बनाने जाने के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। विधायक द्वारा बताई गई ट्रैफिक जाम की स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा–

--------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा वासियों ने जाने माने गायक बादशाह द्वारा गाए गए हरियाणवी गीत 'टटिहरी' में प्रदेश की लड़कियों के लिए प्रयोग किए गए अशोभनीय शब्दों पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, मुख्य सचिव, गृहसचिव, पुलिस महानिदेशक व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को बादशाह के खिलाफ शिकायत दी है।उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री समय रहते न हटाई गई और कार्रवाई न की गई तो भारतीय किसान यूनियन की प्रदेश इकाई बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। इसको लेकर हरियाणा राज्य महिला

आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया को भी शिकायतें मिली हैं। उन्होंने  इस गीत को सुनने के बाद सख्त लहजे में कहा –

श्रीमती भाटिया ने कहा कि इससे हरियाणा की संस्कृति, समाज और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंची है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

देश की सेवा करते हुए वर्ष 2025 में सिक्किम में भूस्खलन के दौरान लापता हुए  जिला अंबाला के मुलाना के गांव साबापुर निवासी भारतीय सेना में सूबेदार धर्मवीर सिंह को आज पूरे सैन्य सम्मान के साथ  श्रद्धांजलि दी गई। सामुदायिक भवन साबांपुर में ब्रिगेडियर संजय ठाकुर, बिग्रडियर दीपक मान व एसडीएम विनेश कुमार तथा जिला सैनिक बोर्ड के सचिव कर्नल श्योराण ने  सूबेदार धर्मवीर के चित्र पर पुष्पचक्र चढ़ाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। सेना के जवानों ने सलामी दी। काबिलेगौर है कि तमाम कोशिशों के बाद शहीद  धर्मबीर का पार्थिव शरीर नहीं मिल पाया है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

पलवल पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद चार बदमाशों को अवैध हथियारों समेत गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों के पैर मे गोली लगी है। पलवल के उप पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने आज एक पत्रकार वार्ता मे बताया कि गाँव थंथरी मे हथियार के बल पर की गई लूट वारदात मे शामिल चारों आरोपियों को मुठभेड़ मे अवैध हथियारों सहित काबू किया गया है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------